


नवभारत 04
इंदौर, रविवार, 29 मार्च, 2026


एक नजर में

## जिला पंचायत अध्यक्ष के सूने घर पर चोरों ने बोला धावा, कंप्यूटर का प्रिंटर चोरी करने के साथ सामान किया उथल-पुथल



**झाबुआ।** शहर के राजगढ़ नाका के समीप जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल जसवंतसिंह भाबोर के सूने मकान पर बीती रात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी, बिस्तर आदि में रखा सामान उथल-पुथल करने के साथ कंप्यूटर का प्रिंटर चुरा कर ले गए। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल भाबोर ने बताया कि उनके मकान पर चोरी की यह दूसरी से तीसरी घटना है। इससे पूर्व भी उनकी गाड़ी पर हमले की घटना हो चुकी है। शासन-प्रशासन एवं पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम मुहैया नहीं करवाए जा रहे है। वहीं सरकारी निवास पर भी सुरक्षा गार्ड नहीं होने से यह घटना घटित हुई। उन्होंने बताया कि इस घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने पर दर्ज करवाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी आरसी भास्करे ने बताया कि घटना में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश की जा रहीं है।

## रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न




**महू.** रोटरी क्लब ऑफ महू की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा में रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा और डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रोटेरियन रूबी मल्होत्रा ने क्लब की विजिट की. इस विजिट में क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार पाटीदार, सचिव अंबर सोनी और अन्य रोटेरियन साथियों ने अतिथियों का स्वागत मोतियों की माला से किया. कार्यक्रम में क्लब के वर्तमान अध्यक्ष राजेश पाटीदार ने इस आधिकारिक यात्रा में सुशील मल्होत्रा का परिचय दिया. सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष सचिव व डायरेक्टर के साथ मीटिंग करने के साथ सभी सदस्यों को उनके द्वारा पूरे वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों के लिए बधाई प्रेषित की और क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ क्लब के वरिष्ठ सदस्य कायद जोहर और अमरदास उदासी को सम्मानित किया. रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट द्वारा गवर्नर सुशील मल्होत्रा एवं रूबी मल्होत्रा को विशेष पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया. अतिथि क्लब रोटरी क्लब महू के अध्यक्ष रमेश जैन राही और समाजसेवी रोटेरियन शैलेंद्र शुक्ला को सम्मानित किया. इस अवसर पर क्लब के डायरेक्टर सरदार मालवीय, विष्णु चौहान, योगेश उपाध्याय, एडवोकेट मनीष पांडे, अंकित सोनी, कैप्टन चांद सिंह, अनूप सोनी, फुरकान कुरैशी, देवेंद्र बाथम, डॉ हेमलता पाटीदार, माया चौहान, कन्हैया चौहान भी मौजूद थे. संचालन कायद जौहर ने किया.

## जिला फुटबॉल संघ कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान समारोह



**महू.** इंदौर जिला फुटबॉल संघ के यशस्वी अध्यक्ष श्री रमेश मेंदोला जी के नेतृत्व में उनके निवास पर संघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं जिले के समस्त पंजीकृत फुटबॉल क्लब संचालकों का भव्य सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान किया गया. समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से जगदीशचंद खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, एस.एम. सलीम, शिवकुमार भमौर, यशवंत कौशल, प्रवीण कांबले, अशोक डागर, गीता वर्मा, अलका रायकवार, एकता बाथम, श्‍ विनोद कल्याणे, सचिव नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया, गोपाल धवन, सविता वर्मा, फूलवती वर्मा, अंकित चिराउड़े, मो. इनामुलहक, जयेश मार्टिन, नितेश सोनकर, रमीज राजा, आकाश भमौर, मनोज मोरने, अनुराग मुनीम, विक्रम शक्तावत, विनोद मुकाती, गौरव खराड़ी, शिवम शर्मा एवं अंश सिरसिया सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे. बैठक के दौरान संघ की आगामी योजनाओं एवं गतिविधियों पर गहन एवं सकारात्मक चर्चा की गई. अध्यक्ष श्री रमेश मेंदोला जी ने अपने उद्बोधन में सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करने, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सभी गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न करने का आह्वान किया. संचालन उपाध्यक्ष अमित शुक्ला ने किया आभार इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया द्वारा व्यक्त किया गया.

## महू में आईपीएस कॉलेज का छात्र डूबा, मौत

**महू.** महू के पर्यटन स्थल बामणिया कुंड में शुक्रवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई। 19 वर्षीय छात्र गहरे पानी में नहाते समय डूबा। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं. मृतक की पहचान घाटा बिल्लोद निवासी अनुज (19) पुत्र घनश्याम के रूप में हुई है। अनुज इंदौर के आईपीएस कॉलेज का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, वह अपने दोस्तों के साथ बामणिया कुंड घूमने आया था और नहाने के लिए कुंड में उतरा था। पानी की गहराई का अनुमान न लगा पाने के कारण वह डूब गया. घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और अनुज के दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर बड़गोंदा पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से युवक के शव को कुंड से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है. उल्लेखनीय है कि बामणिया कुंड में डूबने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी यहां कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा सुरक्षा गार्ड, चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से बामणिया कुंड पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उन्होंने गोताखोरों की तैनाती और खतरनाक स्थानों पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## सुविधि नगर में चल रहा था सट्टे का अड्डा, 9 सटोरिये धराए

इंदौर. एरोड्रम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 सटोरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से मोबाइल, कैलकुलेटर और नकदी सहित सट्टा संबंधी सामग्री जब्त की गई है. थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि देर रात को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुविधि नगर क्षेत्र में सट्टा संचालित किया जा रहा है. इस पर दबिश देकर आशीष को सट्टा लेते पकड़ा. पूछताछ में उसने महेश के कहने पर काम करने की बात कबूली. इसके बाद पुलिस ने सिंगापुर सिटी स्थित मकान पर छापा मारा, जहां 9 लोग मोबाइल के जरिए सट्टा लेते और लिखते मिले. सभी को मौके से पकड़ लिया. आरोपियों में रितेश (एरोड्रम), योगेश (खंडवा), शेखर (विजयश्री नगर), पंकज (छत्रीपुरा), दिनेश (कॉरिडोर सिटी), प्रदीप (एरोड्रम) और महेश (कॉरिडोर सिटी) शामिल हैं. वहीं पूछताछ में सामने आए शिवराम (कुशवाह नगर) को बाणगंगा क्षेत्र से गिरफ्तार किया. कार्रवाई में 11 मोबाइल, 7 कैलकुलेटर, सट्टे की पर्चियां और करीब 15 हजार रुपए नकद जब्त किए गए, जबकि शिवराम से भी मोबाइल और 1200 रुपए नकद मिले.

# 24 घंटे में डकैती का सनसनीखेज खुलासा

**उदयगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार, लूट का माल बरामद**

**आलीराजपुर। जिले में राहजनी (डकैती) की एक सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए उदयगढ़ पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल, नकदी एवं वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। जब्त मशरुका की कुल कीमत लगभग 1,17,000/- बताई गई है।**

पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल एवं एसडीओपी जोबट श्री रविन्द्र राठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उदयगढ़ निरीक्षक बृजभूषण हीरवे के नेतृत्व में गठित टीम ने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।




### घटना का विवरण

दिनांक 25 मार्च 2026 की रात्रि करीब 11: 20 बजे फरियादी मुकेश उर्फ मुकाम पिता अज्जु अजनार, निवासी थान्दला, अपने साथी जितेन्द्र चौहान के साथ डम्पर खड़ा कर भोजन करने जा रहे थे। इसी दौरान जोबट-राणापुर रोड स्थित टेरका फाटक के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार 07 अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट कर डरा-धमकाकर दो एंड्रॉइड मोबाइल एवं ?5000 नगद लूट लिए और जोबट की ओर फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना उदयगढ़ में अपराध क्रमांक 74/2026 धारा 310(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

### तेज कार्रवाई, घेराबंदी और गिरफ्तारी...

थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर नाकेबंदी कर दी और अलग-अलग टीमों को संभावित मार्गों पर रवाना किया। मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्धों की पहचान कर 27 मार्च 2026 को जामली केदारनाथ मंदिर रोड पर घेराबंदी कर 03 बालिग आरोपियों जीतेन्द्र पिता मगन भूरिया (19 वर्ष, किला जोबट) अनिल पिता प्रताप मेहड़ा (19 वर्ष, किला जोबट) प्रकाश पिता सामु अजनार (19 वर्ष, ग्राम छोटी जामली) तथा 04 विधि विरुद्ध बालकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार किया।

**बरामदगी-** गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से—

02 एंड्रॉइड मोबाइल फोन

?3500 नगद

02 मोटरसाइकिल (*MP09 ZD3356* एवं *MP{~MD8412*)

बरामद किए गए। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग -1,17,000/- आंकी गई है।

सराहनीय भूमिका इस चुनौतीपूर्ण डकैती के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजभूषण हीरवे सहित पुलिस टीम के सदस्य उनि शंकरलाल रावत, चौकी प्रभारी कानाकाकड़ उनी पवन वास्केल, सउनि अजय भिड़े, प्रधान आरक्षक आजाद, जुवान, मानसिंह, बहादुर, रोहित, आरक्षक आनंद अनारे, दीपेश, भेरूसिंह, खेमसिंह, गजेंद्र निगवाल (थाना जोबट) तथा साइबर सेल के आरक्षक प्रमोद की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही। उदयगढ़ पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई ने न केवल गंभीर वारदात का शीघ्र खुलासा किया, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास भी मजबूत किया है।



## सेवाभावी युवाओं का किया सम्मान

**मोहनखेड़ा। मोहनखेड़ा की पावन धरा पर, हृदय सम्राट, धर्मदिवाकर, वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा और मंगल आशीर्वाद से श्री जयंत नवपद उत्सव% का भव्य आयोजन श्री जयन्तसेन म्यूजियम (श्री राज राजेन्द्र जैन श्वे. तीर्थ दर्शन प. चे. ट्रस्ट), मोहनखेड़ा में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा है।**

**आयंबिल शाला की संभाली कमान-** उत्सव के तृतीय दिवस (आचार्य पद आराधना) के अवसर पर राणापुर नवयुवक परिषद के सदस्यों ने अपनी अनन्य सेवाएँ प्रदान कीं। परिषद के युवाओं ने आयोजन स्थल पर स्थित आयंबिल शाला की व्यवस्थाओं का उत्तरदायित्व पूरी निष्ठा के साथ संभाला। भक्तों की सुविधा, अनुशासन और सुचारू भोजन वितरण में परिषद का प्रबंधन अत्यंत सराहनीय रहा।

लाभार्थी परिवार द्वारा बहुमान

युवाओं के इस निस्वार्थ सेवा भाव और समर्पण को देखते हुए, मुख्य आयोजक व निवेदक श्रीमती हंजाबाई वरदीचन्दजी तातेड़ परिवार, धार एवं परिषद् के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मोहित जी तातेड द्वारा राणापुर नवयुवक परिषद का तिलक लगाकर और शाल श्री फल भेंट कर विशेष बहुमान किया गया। लाभार्थी परिवार ने परिषद के युवाओं की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवाभावी युवा ही समाज और शासन की असली शक्ति हैं।

**धार्मिक अनुशासन का परिचय-** गुरु भगवंत की पावन उपस्थिति में आयोजित इस उत्सव में युवाओं का यह जुड़ाव न केवल प्रबंधन को मजबूती प्रदान कर रहा है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र भी बना हुआ है। आचार्य पद की आराधना के दिन युवाओं द्वारा दिखाई गई यह कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन आज के दिन के महत्व को और भी सार्थक बना गया।

# अवैध अंग्रेजी शराब की खेप पकड़ी

**विशेष अभियान में आलीराजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार**

**आलीराजपुर। जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बखतगढ़ थाना क्षेत्र की छकतला चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर रघुवंश सिंह के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बखतगढ़ पुलिस को 25 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोन्दवानी के कालाखेत फलिया में एक व्यक्ति अपने घर के पास बड़ी मात्रा में अवैध शराब संग्रहीत कर अन्यत्र परिवहन की तैयारी में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बखतगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी हुकला उर्फ मुकेश पिता तेलिया वास्केल, निवासी ग्राम गोन्दवानी, को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई।




तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से कुल 63 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की गई, जिनमें गोवा विस्की- 43 पेटी (516 बोतल), माउन्ट बीयर- 10 पेटी (240 केन), लंदन प्राईड विस्की व वोदका- 06 पेटी (192 क्वार्टर एवं 24 बोतल), एमडी विस्की- 04 पेटी (192 क्वार्टर), पुलिस द्वारा कुल 594.12 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत ?1,80,500/- आंकी गई है। आरोपी द्वारा उक्त शराब के भंडारण हेतु कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर थाना बखतगढ़ में अपराध क्रमांक 44/2026 धारा 34(2) एवं 36 आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इस प्रभावी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिसोदिया, चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक राहुल चौहान, सहायक उप-निरीक्षक लक्ष्मण परमार, अमर सिंह जूनवाल, आरक्षक दिनेश रावत, चंदन चौहान, सुनील सिसोदिया, गोविंद यादव एवं जगदीश जामोद की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। आलीराजपुर पुलिस की इस त्वरित एवं सख्त कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है तथा जिले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

## सैयदना साहब के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**आलीराजपुर।** आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने बोहरा बाखल क्षेत्र का दौरा कर सैयदना साहब के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को साफ-सफाई, सड़क सुधार, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को प्राथमिकता से समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा कि धर्मगुरु के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे, इसलिए व्यवस्थाएं उच्च स्तर की और सुव्यवस्थित होना आवश्यक है। उन्होंने लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए सभी से समन्वय के साथ कार्य कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, नगरपालिका अधिकारी एवं बोहरा समाज के सदस्य मौजूद रहे।

**चैत्र नवरात्रि** — कन्या भोज एवं भंडारे का 5000 से अधिक लोगों ने लिया लाभ, देर शाम तक चलता रहा आयोजन

# 10 दिवसीय अखंड श्री रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति पर की गई महाआरती

**झाबुआ।** शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर परिसर में श्री सद्गुरु रामायण मंडल द्वारा चैत्र नवरात्रि में आयोजित 10 दिवसीय श्री अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति 28 मार्च, शनिवार को हुई। पूर्णाहुति पर श्रीराम दरबार की महाआरती की गई। बाद मंदिर प्रांगण में कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन शुरू हुआ।

इसका शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के करीब 5000 से अधिक लोगों ने लाभ लिया। भंडारे का आयोजन दोपहर 12 से देर शाम तक चलता रहा। जानकारी देते हुए श्री सद्गुरु रामायण मंडल के वरिष्ठ सदस्य मनोहरसिंह बुंदेला ने बताया कि अखंड श्री रामचरितमानस पाठ चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस 19 मार्च से आरंभ हुआ था, जो दशमी 28 मार्च, शनिवार दोपहर 11 बजे तक चला। समधुर, संगीतमय एवं वाद्य यंत्रों के साथ श्री रामायण पाठ का वाचन श्री सद्गुरु रामायण मंडल, अखंड श्री रामायण मंडल के सदस्यों साथ शहर के भक्तजनों ने भी बड़ी संख्या में समयानुसार पधारकर लाभ प्राप्त किया। श्री रामायण पाठ आयोजन की व्यवस्था में विशेष सहयोग सद्गुरु रामायण मंडल से जुड़े सभी सदस्यों ने प्रदान किया। रामायण मंडल का यह 21वां भव्य और सफल आयोजन रहा। शनिवार दोपहर 11.30 बजे श्री रामायण पाठ का आयोजन भक्तिभरे माहौल के बीच संपन्न हुआ। *श्रीराम दरबार की विशेष आरती हुई – * दोपहर 11.30 बजे श्रीराम कथा, सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ बाद रामायणजी की विशेष आरती की गई।

इसमें मंडल के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में शहर के भक्तजन उपस्थित रहे। बाद भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान सभी ने उत्साहपूर्वक भगवान श्रीराम एवं श्री हनुमानजी महाराज के सामूहिक जयघोष भी लगाएं। श्रीराम दरबार की तस्वीर पर प्रसादी का भोग लगाकर दोपहर 12 बजे से मंदिर प्रांगण में कन्या भोज एवं भंडारा आरंभ किया गया।

सद्गुरु रामायण मंडल के श्री बुंदेला ने आगे बताया कि कन्या भोज में शहर की महिलाओं और बालिकाओं ने पंगत में बैठकर बड़ी संख्या में शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।



शाम तक करीब 2000 कन्याओं द्वारा भोजन प्रसादी का लाभ लिया गया। वहीं भंडारे में शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 3000 लोगों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की। इस प्रकार करीब 5000 लोगों ने कन्या भोज एवं भंडारे का लाभ लिया। भंडारे के रूप में भक्तजनों को खीर, पूरी, दाल, चावल, सब्जी, नुगदी, भजिया आदि का वितरण किया गया। उक्त आयोजन देर शाम करीब 6.30 बजे तक चलता रहा। आयोजन को सफल बनाने में श्री सद्गुरु रामायण मंडल के साथ अखंड श्री रामायण मंडल, प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर समिति, श्री बडकेशवर महादेव ग्रुप, जेकेआर ग्रुप आदि के सदस्यों ने व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया।